66/17 सरकार बनाम मोहनलाल वगैरा

| | | |
|---|---|---|
| 13.6.18 | पत्रावली राजस्व लोक अदालत अभियान में अटल सेवा केन्द्र ग्राम पंचायत पांयला कलां में पेश हुई। प्रार्थी पक्ष की ओर पैरोकार सरकार नायब तहसीलदार (कोर्ट) सिणधरी उपस्थित। विप्रार्थी संख्या 2 से 34 एकतरफा। विप्रार्थी संख्या 01 मय वकील अनुपस्थित। विप्रार्थी संख्या 01 के वकील विगत चार पेशियों से अनुपस्थित चल रहे है। और जिन्हें सुनवाई के पर्याप्त अवसर दिये जानें के उपरांत भी हाजिर नहीं हुए है। और आज भी हाजिर नहीं हुए है। इससे ऐसा प्रतीत होता है,कि विप्रार्थी संख्या 01 के वकील जानबुझकर प्रकरण को लम्बित करना चाहते है। ऐसी सूरत में आगे ओर अवसर दिया जाना न्यायसंगत नहीं हैं। अतः विप्रार्थी संख्या 01 का जबाव बन्द किया जाता है,और विप्रार्थी संख्या 01 के हाजिर नहीं होने के कारण उनके विरूद्व एकरतफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है।<br>प्रार्थी पक्ष की बहस सुनी गई। दौराने बहस कथन किया कि विवादित भूमि मे दर्शित रकबा का उपयोग आमजन द्वारा आवागमन हेतु उपयोग में लिया जा रहा है। और मौके पर रास्ता चल रहा है। लेकिन रिकार्ड में किस्म बा.अ.होने के कारण प्रस्तावित रकबे को राजस्व रिकार्ड में गै.मु.रास्ता दर्ज किया जावे।<br>**हमनें** प्रार्थी पक्ष को सुना। और पत्रावली के सलंग्न राजस्व रिकार्ड,दस्तावेजात का गम्भीरता पूर्वक अवलोकन किया। तथा तथ्यो का विधि के परिप्रेक्ष्य में विवेचन किया गया। जिसमे पाया कि,आवेदन में दर्शित विवादित भूमि का रकबा किस्म बा.अ. निजी खातेदारी में दर्ज है। जिसका मौके पर उक्त प्रस्तावित रकबा का आमजन के आने जाने हेतु रास्ते के रूप में उपयोग में लिया जा रहा है,एवं तहसीलदार सिणधरी द्वारा किस्म परिवर्तन की अनुशंसा की गई है। एवं विप्रार्थीगण बावजूद नोटिस तामील के हाजिर नहीं हुए है। इससे प्रतीत होता है कि प्रार्थी के आवेदन को स्वीकार किये जाने में उहें कोई अपर्ति नहीं है। यदि आपर्ति होती तो न्यायालय में अपने हितों के लिए चाराजोही करते। लेकिन ऐसा विप्रार्थीगण द्वारः नहीं किया गया। ऐसी सूरत में न्यायालय को गै.मु.रास्ता दर्ज किये जाने में कोई आपर्ति प्रतीत नही होती है।<br>**लिहाजा** प्रार्थी का आवेदन लोकभावना एवं जनहित को मध्यनजर रखते हुए स्वीकार किया जाकर विस्तृत आदेश पृथक से लिखा जाकर सुनाया गया और शामिल मिसल किया गया।<br>पत्रावली फेसल सुमार होकर दाखिल दफतर हो। | उपखण्ड अधिकारी<br>सिणधरी |

Scanned by CamScanner

राजस्व लोक अभियान
न्याय आपके द्वार–2018

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सिणधरी

क्रमांकः/राजस्व/2018/

दिनांक 13.6.18
प्रकरण सं.:–66/2017

–::आदेश::–

श्रीमान जिला कलक्टर बाड़मेर के पत्रांकःप.12()(1)राजस्व/2016/7205–40 दिनांक 10.10.2016 प्राप्त निर्देशों की अनुपालना में तहसीलदार सिणधरी द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि राजस्व **ग्राम** पायलां कलां **पटवार मण्डल** पायला कलां तहसील सिणधरी की जमाबंदी संवत् 2072–2075 के अनुसार निम्नांकित भूमि निजी खातेदारी में दर्ज है। लेकिन आवेदन में प्रस्तावित रकबानुसार मौके पर रास्ते के उपयोग में आ रही है, जिसे तहसीलदार सिणधरी द्वारा गैर मुमकिन रास्ता दर्ज करवाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया।

भूमि धारक तहसीलदार सिणधरी द्वारा अनुशंषा किये जाने पर राजस्व (ग्रुप–6) विभाग राजस्थान सरकार के परिपत्र क्रमांकःप3(2)राज–6/2003/पार्ट/04 दिनांक 10.08.2016 के अनुसरण में राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 131 एवं 136 तथा राजस्थान भू–अभिलेख नियम 1957 के नियम 60(एच) के तहत राजस्व **ग्राम** पायलां कलां **पटवार मण्डल** पायला कलां तहसील सिणधरी की निम्नांकित निजी खातेदारी को गैर मुमकिन रास्ता दर्ज करने के आदेश दिये जाते हैं। तहसीलदार सिणधरी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव व नजरी नक्शा आदेश का अभिन्न अंग रहेगा।

| क्र.स. | खातेदार का नाम | ख.न. | कुल रकबा (बीघा) | किस्म | रास्ते हेतु मौके अनुसार प्रस्तावित भूमि | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | रकबा | किस्म |
| 1 | कोशलाराम वल्द हेमाराम कौम जाट सा. निम्बलानाडी खातेदार | 517/4 | 6-10 | बा.अ. | 0-09 | गै.मु.रास्ता |
| 2 | रहमान वल्द नूरमोहम्मद कौम मोयला | 522/7 | 8-07 | बा.अ. | 0-12 | गै.मु.रास्ता |
| 3 | जयसिंह वल्द खीमसिंह राजपूत अन्तरलाल वल्द शिवलाल कौम सोनी भलसिंह वल्द जेठाराम कौम रावणा राजपूत सा. देह | 521 | 19-06 | बा.अ. | 0-04 | गै.मु.रास्ता |
| 4 | लेहरोदेवी पत्नि राजाराम कौम मेगवाल सा.देह खातेदार | 523/2 | 9-12 | बा.अ. | 0-04 | गै.मु.रास्ता |
| 5 | लाधाराम वल्द चैनाराम कौम मेगवाल सा.देह | 523 | 9-12 | बा.अ. | 0-04 | गै.मु.रास्ता |
| 6 | जमनादेवी पत्नी राजाराम कौम मेगवाल सा. देह | 523/1 | 9-12 | बा.अ. | 0-04 | गै.मु.रास्ता |
| 7 | मूलाराम गजाराम पि. जवाराराम कौम प्रजापत 1/3 मिसरा वल्द भगवाना 1/3 कौम पुरोहित मूलाराम गजाराम पि. जवाराराम 1/9 पारसमल | 520 | 91-03 | बा.अ. | 0-09 | गै.मु.रास्ता |

उपखण्ड अधिकारी
सिणधरी

Scanned by CamScanner

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | वल्द मलाराम 2/9 हि. कौम प्रजापत सा.देह खातेदार रहन– मिसरा व पारसमल का हि. एसबीबीजे शाखा सिणधरी सा.देह | | | | | |
| 8 | अमरसिंह वल्द रतनसिंह कौम राजपूत सा.देह | 524 | 40-03 | बा.अ. | 0-09 | गै.मु.रास्ता |
| 9 | हरिसिंह गिरधारीसिंह दौलतसिंह वल्द छैलसिंह सायर कंवर पत्नि छैलसिंह कौम राजपूत सा.देह | 524/1 | 40-08 | बा.अ. | 0-08 | गै.मु.रास्ता |
| 10 | देवीलाल ओमप्रकाश पि. दीपाराम भीणीदेवी पत्नी दीपाराम टीकमा वंशा बाबू पि. गुणेशा मूला राणा पि. आंबा खमा बेवा आम्बा मेगाराम रूपाराम पि. पूनमाराम गंगा बेवा पूनमा कौम कौम घांची सा. देह रहन भीणीदेवी मेगाराम व गंगा का हि. बीसीसीबी शाखा सिणधरी व मूला का हि. जेटीजीबी शाखा सड़ा | 525 | 53-03 | बा.अ. | 0-13 | गै.मु.रास्ता |
| 11 | मांगाराम अनाराम लाखाराम पांचाराम पि. देवाराम कौम मेगवाल सा. देह खातेदार | 529<br>504 | 24-00<br>35-04 | बा.अ.<br>बा.अ. | 1-05<br>1-05 | गै.मु.रास्ता<br>गै.मु.रास्ता |
| 12 | संभावित खनिज क्षैत्र हेतु आरक्षित | 491 | 56-13 | बा.अ. | 2-03 | गै.मु.रास्ता |

उपखण्ड अधिकारी,सिणधरी
दिनांक

क्रमांकः/राजस्व/2018/
प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक पालनार्थ।

1. श्रीमान जिला कलक्टर,बाड़मेर।
2. तहसीलदार सिणधरी।

उपखण्ड अधिकारी सिणधरी

उपखण्ड अधिकारी
सिणधरी

Scanned by CamScanner